दिनांक 28.07.2024 समय: 2.10PM

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो□ाल

दो□हर समाचार

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के चराइदेव मैदान को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में शामिल किए जाने को गर्व की बात बताया है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि इन स्थलों की सूची में भारत का 43वां स्थल होगा और यह पूर्वोत्तर का पहला सांस्कृतिक विश्व धरोहर स्थल होगा। अगले महीने की 7 तारीख को देश में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाएगा। इसकी चर्चा करते हुए श्री मोदी ने मध्य प्रदेश की माहेश्वरी साड़ी, ओडिशा की संबलपुरी साड़ी, महाराष्ट्र की पैठानी, विदर्भ के हैंड ब्लॉक प्रिंट, हिमाचल की भुट्टिको शॉल तथा ऊनी कपड़े और जम्मू–कश्मीर की कानी शॉल का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि महिलाए स्वयं सहायता समूह से जुड़कर लाखों रुपये कमा रही हैं, उनके बनाए बेड कवर, साड़ियों और दुपट्टों की बाजार में काफी मांग है। श्री मोदी ने स्वयं सहायता समूह में शामिल होने और कपड़ों पर रंगों का जादू बिखरेने के लिए हरियाणा के रोहतक जिले की दो सौ पचास महिलाओं की सराहना की। प्रधानमंत्री ने इंटरनेशनल मैथमैटिक्स ओलम्पियॉड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की। श्री मोदी ने मैथ्स ओलंपियाड विजेताओं से बात भी की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पेरिस ओलिंपिक, टाइगर डे, वनों के संरक्षण और स्वतंत्रता दिवस पर अपनी बातें रखीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त आने वाला है, सभी लोग तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट करें।

....

भाजपा मुख्यमंत्री–बैठक

भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता बैठक में उपस्थित है। श्री मोदी कई मुद्दों पर मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ विचार–विमर्श करेंगे।

दो दिवसीय बैठक का उद्देश्य राज्यों में प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करना और केंद्र सरकार की कल्याणकारी पहलों की जानकारी देना है।

बैठक के पहले दिन कल भाग लेने के बाद श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने भाजपा के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पार्टी सुशासन और लोगों की आकांक्षाएं पूरी करने के लिए अथक प्रयास कर रही है।

....

बारिष/मौसम

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। नदी–नाले उफान पर हैं, बड़ी नदियों और बांधों में लगातार पानी बढ़ रहा है। आज भी सुबह से ही कई जिलों में बारिष हो रही है। सीहोर में कोलार डेम का जल स्तर बढ़ने से डेम के दो गेट खोले गए हैं। उधर, सागर के खुरई में अधिक बारिष होने से एक कच्चा मकान डह गया है। विभाग ने इंदौर, भोपाल, जबलपुर सहित 15 जिलों में तेज बारिष का अलर्ट जारी किया है। रायसेन, सागर, विदिशा, सिवनी, बालाघाट मुरैना, बालाघाट सहित कई जिलों में आज भारी बारिश हो सकती है।

....

उज्जैन–महाकाल सवारी

श्रावण मास के दूसरे सोमवार यानि कल उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी को पुलिस ब्रास बैंड के 350 नव प्रशिक्षित जवान बैंड के द्वारा प्रस्तुत मधुर धुनों से सवारी में उत्साह, उमंग और आकर्षण बढाएंगे। मध्य प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों में पुलिस के जवानों को 6 माह का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस बैंड द्वारा क्षिप्रा तट पर पूजन के समय दत्त अखाड़ा घाट पर भी विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश की पुलिस इकाइयों में पुलिस जवानों को बैंड वादन सहित वाद्ययंत्रों का प्रशिक्षण दिया गया। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास का एक महत्वपूर्ण पहलू मध्यप्रदेश पुलिस बैंड रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस बैंड की स्थापना वर्ष 1988 में 7वीं वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल, भोपाल में की गई थी।

....

ओलंपिक अपडेट

ओलंपिक के दूसरे दिन आज भारत की शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में स्वर्ण के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। वहीं बैडमिंटन में पीवी सिंधु महिला एकल ग्रुप एम में उनका मुकाबला मालदीव की फातिमा नब्बा अब्दुल रज्जाक से चल रहा है। दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन महिलाओं की 50 किलोग्राम मुक्केबाजी स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत जर्मनी की मैक्सी कैरिना क्लोएट्जर के खिलाफ अपने पहले दौर से करेंगी। राइफल निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन और रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफाई चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफाई चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

....